प्रथम अपील अधिकारी, सूचना का अधिकार अधिनियम
एवं जिला कलक्टर उदयपुर
निर्णय द्वारा अध्यासित गौरव अग्रवाल आई.ए.एस.

प्रकरण संख्याः 61/2026 (अपील सूचना का अधिकार)
Jaywant Bherviya Add: 29, Mahaveer Nagar, New Bhupalpura, Udaipur

..............**अपीलार्थी**

बनाम

सहायक लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार गिर्वा, उदयपुर

..................**प्रत्यर्थी**

प्रथम अपील अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम 2005

निर्णय

दिनांकः 24/04/2026

प्रकरण में संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार है कि अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत एक अपील ऑनलाईन क्रमांक 329064699396455 प्रस्तुत कर निवेदन किया कि एक ऑनलाईन प्रार्थना पत्र दिनांक 13.02.2026 को प्रत्यर्थी के कार्यालय में प्रस्तुत कर जल संसाधन विभाग के स्वामित्व की आराजी संख्या 131 व 134 के सीमांकन तथा कोडियात टनल तक जाने वाल सड़क एवं अमरजोक नदी के सीमांकन के संबंध में सूचना चाही गई। प्रत्यर्थी द्वारा अपीलार्थी को चाही गई सूचना उपलब्ध नहीं करवाये जाने से क्षुब्ध होकर यह अपील प्रस्तुत की गई है।

अपील अपीलार्थी दर्ज रजिस्टर की जाकर प्रत्यर्थी से अपील पर जवाब तथा सूचना उपलब्ध कराने हेतु ऑनलाईन पत्र क्रमांक 2508408770 दिनांक 24.02.2026 एवं कार्यालय के पत्रांक रीडर/सू.अ.2005/प्रथम अपील/61/26/365–66 दिनांक 24.02.2026 से लिखा गया। प्रत्यर्थी द्वारा प्रस्तुत जवाब शामिल पत्रावली किया गया।

सहायक लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार गिर्वा द्वारा जरिये पत्र क्रमांकः भू.अ./सूअ/2005/2026/429 दिनांक 16.03.2026 से जवाब प्रस्तुत करते हुए निवेदन किया गया कि सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत आवेदित किए गए आवेदन पत्र अनुसार आवेदक को नियम समय में बिन्दु संख्या 2 की सूचना उपलब्ध करा दी गई है एवं बिन्दु संख्या 1 के संबंध में प्रार्थी को सूचित किया गया कि बिन्दु संख्या 1 में वर्णित पत्र दिनांक 09.02.2026 पत्र क्रमांक 183 इस कार्यालय में प्राप्त नहीं हुआ है अतः सूचना दिया जाना संभव नहीं है। अब कोई भी सूचना उपलब्ध कराया जाना इस कार्यालय स्तर पर शेष नहीं है। अतः अपील सारहीन होने से खारिज करवाये जाने का आदेश फरमावें।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रकरण में अपीलार्थी द्वारा प्रत्यर्थी के कार्यालय से 2 बिन्दुओं की सूचना चाही गई। बिन्दु संख्या 1 में वर्णित पत्र दिनांक 09.02.2026 प्रत्यर्थी के कार्यालय में प्राप्त नहीं होने से सूचना उपलब्ध नहीं करवाई जा सकी एवं बिन्दु संख्या 2 की सूचना उनके कार्यालय के पत्रांक 365 दिनांक 27.02.2026 से उपलब्ध करवा दी गई है। ऐसी स्थिति में अपील में अब किसी कार्यवाही की आवश्यकता नहीं रह जाती है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलार्थी खारिज की जाती है। निर्णय की प्रति उभयपक्ष को प्रेषित की जावें। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।

(गौरव अग्रवाल)
प्रथम अपील अधिकारी,
सूचना का अधिकार अधि. एवं
जिला कलक्टर, उदयपुर

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2026.04.24 14:01:06 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 21782170
M e-Sign